भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2893
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026

अवांछित कॉलों की बढ़ती संख्या

2893 श्री संजय सिंहः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उन रिपोर्टों पर गौर किया है जिनसे पता चलता है कि लगभग 97 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ताओं को रोजाना अवांछित कॉल आती हैं और इनमें से ज़्यादातर कॉल पंजीकृत एंटरप्राइज़ नंबरों के बजाय मोबाइल नंबरों से आती हैं;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), अवांछित कॉल और अवांछित एसएमएस से जुड़ी शिकायतों की वर्ष-वार संख्या कितनी है और उनमें से कितनी शिकायतों का निवारण किया गया और उन पर क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) पिछले पाँच वर्षों के दौरान यूसीसी नियमों का उल्लंघन करने के कारण बंद किये गए, निलंबित या काली सूची में डाले गए मोबाइल कनेक्शनों, टेलीमार्केटरों, संस्थाओं और दूरसंचार संसाधनों की वर्ष-वार संख्या कितनी-कितनी है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) या स्पैम को विनियामक ढांचे, अर्थात् टेलीकॉम वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता (टीसीसीसीपीआर) के तहत नियंत्रित करता है। एक्सेस प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी'26 से जून'26 की अवधि के दौरान एक्सेस प्रदाताओं के पास

दर्ज कुल 20,75,098 यूसीसी शिकायतों में से 82% से अधिक शिकायतें अर्थात् 17,21,582 शिकायतें, अपंजीकृत प्रेषकों/टेलीमार्केटर्स के खिलाफ थीं।

एक्सेस प्रदाताओं द्वारा ट्राई को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान यूसीसी के खिलाफ प्राप्त शिकायतों का विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	2021	2022	2023	2024	2025
यूसीसी शिकायतें	12,84,061	10,83,049	13,62,932	19,38,757	31,09,835

एक्सेस प्रदाता टीसीसीसीपीआर के प्रावधानों के अनुसार यूसीसी से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हैं। ट्राई द्वारा अगस्त, 2024 में जारी निदेश के अनुसार अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ कार्रवाई को अपेक्षाकृत ज्यादा सशक्त बनाया गया। अगस्त, 2024 से जून, 2026 तक यूसीसी से संबंधित उल्लंघनों और साइबर धोखाधड़ी में दुरुपयोग में संलिप्तता के लिए यूटीएम, पंजीकृत प्रमुख इकाईयों और टेलीमार्केटर्स के दूरसंचार संसाधनों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण इस प्रकार है:

अवधि	यूटीएम के डिस्कनेक्ट किए गए दूरसंचार संसाधनों की संख्या	ब्लैकलिस्ट की गई पंजीकृत प्रमुख इकाईयां	ब्लैकलिस्ट किए गए पंजीकृत टेलीमार्केटर्स
2024 (अगस्त-दिसंबर)	19.21 लाख	155	41
2025	1.94 लाख	995	12
2026 (जून तक)	0.79 लाख	1406	7

***